जबलपुर | रविवार I 11 अक्टूबर 2026 I वर्ष 77 I अंक 259 I पृष्ठ 16 I मूल्य रु. 6.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



25,000
पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात

02 पुलिसकर्मी पथराव में घायल

03 सीजेपी संस्थापक हिरासत में

4 बड़ी मांगें और घटनाएं

- **मुख्य मांग :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा
- **एसआईआर पर विरोध :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक की मांग
- **पुलिस की तैयारी :** बैरिकेडिंग, सीमाओं पर जांच और मेट्रो स्टेशनों पर पाबंदियां
- **अगला पड़ाव :** खबर के अनुसार, 12 अक्टूबर को इंडिया गठबंधन का प्रस्तावित प्रदर्शन

प्रदर्शन से पहले ही कॉकरोच पर पुलिस की हिट

दिपके, दास, रांका को दिल्ली पहुंचने से पहले ही विमान में अरेस्ट किया

■ **ममता-केजरीवाल समेत कई विपक्षी नेता भी गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर सीजेपी के 'जंतर-मंतर 2.0' प्रदर्शन को रोकने के लिए शनिवार को दिल्ली को सुरक्षा घेरे में कैद कर दिया गया. आंदोलन शुरू होने से पहले ही सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके, सौरव दास और अशुतोष रांका को दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान के भीतर से हिरासत में ले लिया गया. प्रदर्शन में शामिल होने निकले आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को उनके आवास के बाहर और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को दक्षिण एवेन्यू में हिरासत में लिया गया. पुलिस ने सड़कों पर बैरिकेडिंग, सीमाओं पर जांच, मेट्रो स्टेशनों पर पाबंदियों और मोबाइल इंटरनेट बंद कर प्रदर्शनकारियों की आवाजाही रोक दी. हजारों पुलिसकर्मियों की तैनाती के बीच जंतर-मंतर तक कोई प्रदर्शनकारी नहीं पहुंच सका. कनॉट प्लेस में करीब 50 लोगों के जुटने पर पथराव हुआ, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए. इस कार्रवाई के बीच ममता बनर्जी ने कोलकाता लौटने का कार्यक्रम रद्द कर केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का ऐलान किया. अब सीजेपी ने भी पीछे हटने के बजाय हर उस जगह प्रदर्शन करने का आह्वान किया है, जहां पुलिस उसे रोकेगी.



प्रदर्शन से पहले हिरासत में लिए गए प्रमुख नेता

- **अभिजीत दिपके,** सीजेपी संस्थापक
- **सौरव दास,** सीजेपी संस्थापक
- **आशुतोष रांका,** सीजेपी संस्थापक
- **अरविंद केजरीवाल,** आवास के बाहर हिरासत
- **ममता बनर्जी,** दक्षिण एवेन्यू में हिरासत
- **ध्रुव राठी,** गुरुग्राम स्थित घर से हिरासत में

24 घंटे
मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित

पुलिस ने सड़क पर आने ही नहीं दिया

- **हवाई अड्डे पर ही हिरासत :** सीजेपी संस्थापक अभिजीत दिपके, सौरव दास और अशुतोष रांका को दिल्ली पहुंचते ही विमान के भीतर से हिरासत में लिया गया. दिपके ने पुलिस कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए कहा कि नेताओं को विमान से उतरने तक नहीं दिया गया. बाद में दिपके को उनकी दादी के निधन के बाद मानवीय आधार पर रिहा कर दिया गया.
- **केजरीवाल आवास के बाहर पकड़े गए :** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली चलो का आह्वान किया था. इसके बाद जंतर-मंतर की ओर बढ़ने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उन्हें उनके आवास के बाहर हिरासत में ले लिया. उन्होंने केंद्र सरकार पर राजधानी में तानाशाही का माहौल बनाने का आरोप लगाया.
- **ममता और पांच सांसद हिरासत में :** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दक्षिण एवेन्यू में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में ली गईं. उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन, डोला सेन समेत पार्टी के अन्य नेता भी थे. ममता ने मुंह पर बैंडेज लगाकर विरोध जताया और कार्रवाई को आपातकाल से भी गंभीर बताया.
- **ध्रुव राठी भी हिरासत में :** यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित उनके घर से हिरासत में लिया गया. सीजेपी के प्रदर्शन के समर्थन में पहुंचने वाले अन्य कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया.

सवाल पूछना लोकतंत्र की है असली ताकत : राहुल

- **सरकार पर हिंदी भाषा थोपने का लगाया आरोप**
- **चेन्नई में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में बोले राहुल**

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

चेन्नई, 10 अक्टूबर. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चेन्नई में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया. 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में उन्होंने तमिल भाषा, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की.

राहुल ने कहा कि वह जब भी तमिलनाडु आते हैं, कुछ नया सीखकर लौटते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी जड़ों को समझने, स्वतंत्र रूप से सोचने और किसी भी बात को बिना सवाल किए स्वीकार नहीं करने की अपील की. राहुल ने आरोप लगाया कि तमिल संस्कृति, भाषा और इतिहास को दूसरे दर्जे पर रखा जा रहा है.



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का उल्लेख करते हुए उन्होंने हिंदी को लेकर भी टिप्पणी की. राहुल ने कहा कि भाषा, संस्कृति और इतिहास किसी समाज की पहचान का आधार होते हैं. विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझना चाहिए, ताकि उनमें सवाल पूछने और अपने विचार बनाने की क्षमता विकसित हो सके. हिंदी थोपने और तमिल संस्कृति पर हमले से जुड़े बयान राहुल के आरोप हैं.

यौन उत्पीड़न के आरोप में प्रोफेसर बर्खास्त

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे एक प्रोफेसर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है. विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति ने मामले की जांच के बाद प्रमुख दंड की सिफारिश की थी. इसके बाद प्रशासन ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रोफेसर की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया. प्रोफेसर के खिलाफ शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि मई के पहले सप्ताह में मौखिक परीक्षा यानी वाइवा के दौरान प्रोफेसर ने यौन संकेतों वाली अनुचित टिप्पणियां कीं.



जेएनयू में एक्शन

कलश या घट स्थापना का मुहूर्त

उज्जैन के पंडित जय शिव शर्मा के अनुसार शारदीय नवरात्रि 2026 में कलश स्थापना या घटस्थापना **11 अक्टूबर 2026,** रविवार को होना चाहिए. कलश स्थापना के लिए प्रातःकाल **शुभ मुहूर्त सुबह 6:19 बजे से 10:12 बजे** तक रहेगा. घट स्थापना का अभिजित मुहूर्त सुबह **11:44 बजे** से दोपहर **12:31 बजे** तक रहेगा.

चेन्नई को मोदी देंगे 13 हजार करोड़ की सौगात

चेन्नई, 10 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु के चेन्नई का दौरा करेंगे. वे सुबह लगभग 11:30 बजे चेन्नई मेट्रो में पोरूर बाईपास स्टेशन से पूनामल्ली बाईपास स्टेशन तक यात्रा करेंगे और फिर वापस लौटेंगे. प्रधानमंत्री दोपहर लगभग 12:15 बजे चेन्नई के जलकंडेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे. इसके बाद, वे आईआईटी मद्रास स्थित मस्तिष्क केंद्र का दौरा करेंगे. आज दोपहर लगभग 1:30 बजे पीएम मोदी 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनका उद्घाटन करेंगे.

रिव्यू डीपीसी के बाद 200 से ज्यादा निरीक्षक बनेंगे डीएसपी

- **अक्टूबर के अंत तक जारी हो सकते हैं आदेश**
- **15 अक्टूबर तक मांगी जानकारी**

नवभारत न्यूज

भोपाल, 10 अक्टूबर. मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर पदोन्नति से वंचित रह गए 200 से अधिक निरीक्षकों के लिए राहत की उम्मीद है. पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के बाद प्रक्रिया तेज कर दी है.

प्रारंभिक तौर पर 205 निरीक्षकों को पदोन्नति के लिए पात्र माना गया है. अब इनके सेवा रिकॉर्ड और विभागीय मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है. पीएचक्यू ने पुलिस अधीक्षकों, बटालियन कमांडेंट और इकाई प्रमुखों को पत्र जारी कर 205 निरीक्षकों के संबंध में जानकारी मांगी है. अधिकारियों को 15 अक्टूबर तक बताना होगा कि किसी निरीक्षक के खिलाफ कोई मामला लंबित तो नहीं है.

पटवारियों पर नहीं चलेगा मुकदमा

■ **राजस्व विभाग ने जारी किया सभी जिलों को आदेश**

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 10 अक्टूबर. स्वामित्व योजना में ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्वामित्व की संपत्ति का सरकारी खर्चे पर रजिस्ट्री कराने का काम पटवारी ही करेंगे, निष्पादक अधिकारी की जिम्मेदारी वे ही निभाएंगे, लेकिन यदि भविष्य में रजिस्ट्री को लेकर कोई विवाद की स्थिति बनती है तो फिर उन्हें किसी मुकदमा का सामना नहीं करना पड़ेगा.

राज्य सरकार की ओर से की गई निष्पादन की कार्यवाही नियमानुसार करने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत अभियोजन स्वीकृति नहीं दी जाएगी. राज्य सरकार ने इस संबंध में 17 सितंबर को जारी आदेश को अधिक्रमित करते हुए शनिवार को नया आदेश जारी कर दिया है, हांलाकि अब तक ऐसे पटवारी जिनको या या बर्खास्त किया गया है या फिर निलंबित किया गया है, उनकी बहाली को लेकर फिलहाल कोई आदेश जारी नहीं किया गया है.

> यहां बता दें कि बीती रात मुख्यमंत्री निवास पर पटवारी संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले थे, जिसमें पटवारियों की मांगों को लेकर नया आदेश जारी करने पर सहमति बनी थी.

चेहरा पहचान प्रणाली से होगी संदिग्धों की पहचान

नवभारत न्यूज

इंदौर 10 अक्टूबर. क्रिकेट मैच के दौरान स्टेडियम और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस फेशियल रिकग्निशन सिस्टम की मदद लेगी. इस सिस्टम में शहर के 2 हजार से ज्यादा बदमाशों की तस्वीरें दर्ज की गई हैं. सीसीटीवी कैमरों में कैद होने वाले चेहरों का इन तस्वीरों से मिलान कर संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिलेगी. मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए 3 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है. मैच में 30 हजार से अधिक दर्शकों के पहुंचने की संभावना है.

■ **2 हजार से ज्यादा बदमाशों की तस्वीरें सिस्टम में**

मस्क को दो टूक.. शर्तें पूरी करो

- **स्टारलिंक को मंजूरी पर भारत ने किया स्पष्ट**

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को लेकर भारत में सुरक्षा और नियामकीय मंजूरियों पर चर्चा तेज हो गई है. कंपनी भारत में व्यावसायिक सेवा शुरू करने की तैयारी कर रही है, लेकिन अंतिम मंजूरियां और स्पेक्ट्रम से जुड़ी प्रक्रियाएं पूरी होना बाकी हैं. इस बीच मस्क ने सेवा शुरू करने में देरी पर सवाल उठाए हैं. केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी सैटेलाइट संचार कंपनियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा. स्टारलिंक की तकनीक पारंपरिक मोबाइल टावरों और फाइबर नेटवर्क पर निर्भरता कम करते हुए उपग्रहों के जरिए इंटरनेट उपलब्ध कराती है.


भारत गुलाम नहीं : हसन

चेन्नई. अभिनेता से राजनेता बने और राज्यसभा सांसद कमल हासन ने अमेरिकी अरबपति और स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क को करारा जवाब दिया है. कमल हासन ने कहा कि कोई भी अरबपति चाहे वह भारतीय हो या अमेरिकी किसी देश की नीति तय नहीं कर सकता. भारत गुलाम नहीं है.

पनामा में लगातार भूकंप के झटके

■ **कई इमारतें क्षतिग्रस्त, ऐतिहासिक चर्च का घंटाघर ढहा**

पनामा सिटी. मध्य अमेरिकी देश पनामा में कुदरत का कहर टूट पड़ा है. शुक्रवार को आए एक शक्तिशाली भूकंप के बाद अब वहां 6.0 तीव्रता का एक और नया झटका महसूस किया गया है. यह ताजा झटका ला ट्रोनोसा से 7 किलोमीटर उत्तर की दिशा में दर्ज किया गया. इससे पहले शुक्रवार को देश के दक्षिणी तट पर एक बेहद शक्तिशाली भूकंप आया था, जिसकी शुरुआती तीव्रता 8.0 आंकी गई थी जिसे बाद में संशोधित कर 7.6 कर दिया गया. इस भीषण झटके से पूरे देश में हड़कंप मच गया और लोग जान बचाने के लिए मॉल, दफ्तरों और घरों से बाहर सड़कों पर दौड़ पड़े. वेरागुआस, हेरेरा और लॉस सांतोस प्रांतों में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है. पेनोरोमे शहर में एक ऐतिहासिक चर्च का घंटाघर ढह गया.





There is no better time than Navaratri to drive into a new beginning. Get great benefits of up to ₹1 50 000 across the Kia range. To know more, visit your nearest Kia dealership today!

Carens Clavis Range now available in Factory fitted CNG

Model	Sonet˘	Syros^	Carens Clavis	Carens Clavis EV
Total benefits	₹80 000	₹1 10 000	₹1 50 000	₹1 20 000

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India" @

*Terms & condition apply. ^The benefit Includes 3 years standard warranty and 2 years free extended warranty. ˘The benefit is only applicable on Sonet petrol variant. Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select stock, which may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

Khatwani Kia: 16/17, Tilwara Nagpur Road, Jabalpur, Tel: 9516648888; 519/4 D Garha near Tripuri Chowk, Tel: 9516648888; Katangi Road, Opp. Shriram college Karmeta, Jabalpur, Tel: 9516648888

नवरात्र इंदौर-उज्जैन सहित आसपास के जिलों से पहुंचेंगे श्रद्धालु, माता टेकरी पर तैयारियां लगभग पूरी

संतान प्राप्ति के लिए मां चामुंडा को पान का बीड़ा...

■ **नवरात्रि में माता के दरबार में उमड़ेगा आस्था का सैलाब**

रूपेश मेहता

देवास, 10 अक्टूबर. शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर से हो रहा है। इसके साथ ही देवास की प्रसिद्ध माता टेकरी पर नौ दिनों तक आस्था का सैलाब उमड़ेगा. इसके लिए जोरशोर से तैयारी की गई है. मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दर्शन के लिए देवास के अलावा इंदौर, उज्जैन, शाजापुर सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे. नवरात्रि के पहले दिन रविवार होने से दर्शनार्थियों की संख्या अधिक रहने की संभावना है. इसे देखते हुए प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं लगभग पूरी कर ली हैं. शहर के मध्य स्थित माता टेकरी प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है. यहां विराजित मां तुलजा भवानी को बड़ी माता और मां चामुंडा को छोटी माता के रूप में पूजा जाता है. दोनों मंदिरों में दर्शन के लिए नवरात्र में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं.



दर्शन के लिए पहुंचेंगे भक्त

नवरात्रि में माता टेकरी पर स्थित दोनों मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगती हैं. धार्मिक मान्यताओं के चलते बड़ी संख्या में भक्त यहां मनोकामना लेकर पहुंचते हैं. संतान प्राप्ति की कामना से मां चामुंडा को पान का बीड़ा अर्पित करने की परंपरा भी प्रचलित है. नवरात्रि के दौरान इन मान्यताओं के चलते मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाती है. माता टेकरी तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु सीढ़ियों का उपयोग कर सकते हैं. इसके अलावा रोप-वे की सुविधा भी उपलब्ध है.